प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर में रोजगार और ऋण मेले में एक हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र : 725 करोड़ की 332 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
2. उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिये एक हजार 174 केन्द्रों पर कल होगी चौथे चरण को परीक्षा।
3. प्रधानमंत्री जनधन खाते खोलने के मामले में देश में शीर्ष स्थान पर है उत्तर प्रदेश : अकाउंट के तहत रूपे कार्ड वितरित करने में भी यूपी टॉप पर।

और

4. मंकी पॉक्स से बचाव के लिए प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा हुआ अलर्ट : हेल्पलाइन नंबर किया गया जारी।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार और ऋण मेले के अंतर्गत एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पांच हजार सत्ताइस लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण वितरित किया। मुख्यमंत्री ने आठ हजार से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट दिए और 725 करोड़ की 332 विकास

परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज वह देश का अग्रणी प्रदेश बन चुका है। कानपुर की लाल इमली मिल के पुनरुद्धार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एक बड़े पैकेज के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन रोजगार का लक्ष्य दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार दो वर्षों में दो लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देंगी।

*प्रधानमंत्री मोदी जी ने मिशन रोजगार का लक्ष्य दिया है दो लाख सरकारी नौकरी देंगे और पचास लाख नौजवानों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट की योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से स्वतः रोजगार की योजना के साथ जोड़ने के बड़े कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ रहे हैं।*

——————————

उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिये चौथे और पांचवें चरण की परीक्षा 30 और 31 अगस्त को होगी। परीक्षा के लिये 67 जिलों में कुल एक हजार 174 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों की बैठक कर परीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को कहा है। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिये विभिन्न प्रदेशों से अभ्यर्थी आ रहे हैं।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये रोडवेज बसों में एडमिट कार्ड दिखा कर निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

———————

प्रधानमंत्री जनधन खाते खोलने के मामले में उत्तर प्रदेश, देश में शीर्ष स्थान पर है। प्रदेश में 9 दशमलव 46 करोड़ से ज्यादा पीएम जन धन अकाउंट खोले गए हैं, जो देश भर में खोले गए कुल अकाउंट का 18 फीसदी है। खास बात यह है कि इसमें भी लगभग 5 करोड़ पीएम जनधन खाताधारक महिलाएं हैं। इसके साथ ही पीएम जन धन अकाउंट के माध्यम से रूपे कार्ड वितरित करने में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जन धन खाता योजना ने कल दस वर्ष पूरे किए हैं। इन दस वर्षों में पूरे देश में अब तक 53 करोड़ से ज्यादा प्रधानमंत्री जनधन खाते खुलवाए गए हैं।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में छात्र–छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। दीक्षांत समारोह में एक हजार चार सौ बासठ विद्यार्थियों को उपाधि और 19 टॉपर विद्यार्थियों को 42 पदक प्रदान किया गया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी के साथ युवा

अपने आप को तैयार करें। युवाओं को विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे आना होगा।

---------

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण – यूपीसीडा ने 15 जिलों में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन और 8 जिलों में व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में 4 सितंबर को आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, जबकि मेगा ई–ऑक्शन 13 सितंबर को ऑनलाइन होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत जिन 8 जिलों में कॉमर्शियल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, उसमं अमेठी, बरेली, बाराबंकी, जालौन, मुरादाबाद, मथुरा और प्रयागराज प्रमुख हैं। वहीं, व्यावसायिक भूखंडों की ई नीलामी अमेठी, अमरोहा, बांदा, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, कानपुर देहात, मथुरा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, संभल, शाहजहांपुर, उन्नाव, सहारनपुर और वाराणसो में की जाएगी। इस मेगा ई–ऑक्शन के जरिए 107 औद्योगिक और व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा।

---------

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दिया है। अनुदान राशि में वृद्धि से अब प्रदेश के दिव्यांगजनों को

महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा।

——————

आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आज जौनपुर में समाजवादी पार्टी के वर्तमान सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने 20–20 हजार रुपए के मुचलके पर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। बाबू सिंह कुशवाहा पर सिंगरामऊ थाना क्षेत्र में पड़ने वाले हाईवे पर आचार संहिता के दौरान भारी भीड़ इकट्ठा करने का आरोप है।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मंकी पॉक्स से बचाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एडवाइजरी जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट मोड पर आ गया ह। स्वास्थ्य विभाग ने

मंकी पॉक्स से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर – एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य पांच एक चार पांच जारी किया है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि सभी जिलों के एंट्री प्वाइंट्स पर मरीजों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश में संदिग्ध रोगियों की पहचान और उपचार के निर्देश दिए गए हैं।

——————————

बहराइच में आतंक मचा रहे भेड़ियों के झुंड में से सबसे खूंखार भेड़िये को आज वन विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों की टीम ने पकड़ लिया। ऑपरेशन भेड़िया नाम से चलाए गए इस पूरे अभियान की निगरानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग के अधिकारियों के प्रयासों की प्रशंसा की। अब तक वन विभाग ने बहराइच क्षेत्र से चार भेड़ियों को पकड़ा है, जिनमें से एक को गोरखपुर चिड़ियाघर में स्थानांतरित किया गया है। दो अन्य भेड़ियों की तलाश अभी भी जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक–वन्यजीव संजय श्रीवास्तव ने बताया कि आज सुबह भेड़िये के पैरों के निशान देखे गए और उसके बाद सिसैया गांव से भेड़िये को पकड़ा गया। इससे पहले मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक

एवं विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा और प्रमुख मुख्य वन संरक्षक–वन्यजीव संजय श्रीवास्तव कल बहराइच पहुंचे थे।

———————

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए चयनित मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी ने बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से उनके कार्य को सराहा गया और उन्हें बेहतर करने के लिये प्रेरित किया गया।

बाइट.....

*मैं बेहद खुश हूँ और मुझे जब राज्य पुरस्कार 2021 में मिला तो मैं कभी नहीं सोचा था की मैं राष्ट्रीय पुरस्कार भी पाऊंगा। छात्रों के समग्र विकास और इस विद्यालय को पूरा–पूरी तरह से बदल देने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के सारे मानक पूरा कर देने के लिए बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए मैंने विद्यालय में गणित का बगीचा की स्थापना किया । समुदाय के सहयोग से सारी कक्षाएं स्मार्ट की तो इन सब चीजों को बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश ने सराहा और मुझे। राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए आगे भेजा सुक्रिया करता हूँ बेसिक उत्तर प्रदेश का जिन्होंने मुझे मेरे चीजों को आगे बढ़ाया बताना चाहता हूँ की मेरी सेवा पंद्रह साल हो गई है। मैं शुरू से ही पहले दिन से ही मेरे मन में ये था की मैं किसान का बेटा हूँ और मुझे जो बच्चे पढ़ाने को मिलेंगे मैं उनको पूरे मनोवेग और ईमानदारी से पढ़ाऊंगा और इसी वजह से मेरे विद्यालय के बच्चे नवोदय में भी सिलेक्ट हुए हैं। राजकीय आश्रम पद्धति में भी गए हैं। खेलों में भी पदक पाए हैं।*

———————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज अयोध्या में 24 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस तीर्थ यात्राओं के लिए समर्पित की। तीर्थ यात्राओं के दौरान

चिकित्सकीय आपात स्थिति को नियंत्रित करने में सक्षम ये एम्बुलेंस केदारनाथ, बद्रीनाथ, सबरीमाला सहित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में मौजूद रहेंगी।

(समाप्त)